सार-समाचार

कार्यशाला का आयोजन

उदयपुर, (कासं)। पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में 3 से 5 मार्च तक मेडिकल शिक्षकों के लिए 'मेडिकल एजुकेशन टेक्नोलॉजी' पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला नेशनल मेडिकल कमीशन(एनएमसी) के पर्यवेक्षक एवं नोडल सेंटर की सह-समन्वयक डॉ.अपराजिता शुक्ला, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, कम्युनिटी मेडिसिन, एसएमटी. एनएचएलएमएमसी, अहमदाबाद के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। कार्यशाला का उद्घाटन पेसिफिक मेडिकल यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेन्ट डॉ.एम.एम. मंगल, पीएमसीएच के डीन डॉ.यू.एस. परिहार एवं सर्जरी विभाग के प्रोफेसर, एमईयू समन्वयक एवं कार्यशाला समन्वय डॉ.गौरव वधावन ने किया । कार्यशाला समन्वय डॉ.गौरव वधावन ने बताया कि कार्यशाला में कुल 30 प्रतिभागियों (फैकल्टी मेंबर्स) ने भाग लिया। इसका मुख्य उद्देश्य मेडिकल शिक्षकों को नई 'कम्पीटेंसी बेस्ड मेडिकल एजुकेशन' (सीबीएमई) प्रणाली के अनुरूप प्रशिक्षित करना था जिससे वे मेडिकल छात्रों को नवीनतम शिक्षण विधियों से प्रशिक्षित कर सकें। कार्यशाला में कॉलेज के अनुभवी एवं विशेषज्ञ फैकल्टी सदस्यों द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर व्याख्यान दिए गए। इस दौरान मेडिकल शिक्षा में नवीन तकनीकों, दक्षताओं पर आधारित पाठ्यक्रम, आकलन एवं मूल्यांकन पद्धतियों पर विशेष रूप से चर्चा की गई।

नकबजनी करने वाले तीन गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। शहर के सविना थाना पुलिस ने सूने मकानों में नकबजनी करने वाली गैंग के तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 15 फरवरी को भगगवती प्रसाद पुत्र विरभद्र आमेटा निवासी कर्मशील मार्ग ब्रम्हपोल अम्बामाता हॉल सविना सेक्टर 9 ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। जिसमें उसने बताया कि सांय मैं परिवार सहित शादी में गया था रातमें वापस लौटे तो मकान का ताला टूटा हुआ एवं कमरों में सामान बिखरा पड़ा था तलाशी ली तो सोने का मंगलसूत्र, दो अंगुठी सोने की, रखड़ी, दो सोने की चेन, नथ, चांदी कीपायल, बिछियां एवं 40 हजाररूपये नकदी गायब थी। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश्या गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगनपुरोहित के सुपरविजन में सविना थानाधिकारी राव अजयसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने मौके से मिले साक्ष्यों एवं पीडित से की गई पूछताछ के आधार पर दीपु पुत्र रामस्वरूप निवासी नकेछन कला थाना फुलिया कला भीलवाड़ा, लीलाराम पुत्र गंगाराम निवासी कनेछन कला थाना फुलिया कला भीलवाड़ा, व कालु पुत्र नन्दा झूग्गी झोपड़ी गणेश कॉलोनी शक्तिनगर गुडगांव हरियाणा हॉल टांटोटी थाना सराना जिला अजमेर को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने चार वारदातें करना कबूल किया है। आरोपी सूने मकानों की रैकी कर कार को दूर खड़ी कर मौके पर पहुंच कर वारदात कर जेवरात व नकदी लेकर कार से फरार हो जाते थे। आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी अपराधिक प्रकरण दर्ज है।

दुष्कर्म का मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। शादी का झांसा देकर पीडिता के साथ दुष्कर्म करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता ने आरोपी जितेन्द्र मेघवाल पुत्र रामलाल निवासी कुण्डाई हॉल उदयपुर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि एक वर्ष पूर्व आरोपी से संपर्क होने पर नजदीकिंया बढ गई। इस दौरान उसने शादी करने का प्रस्ताव रख कर मुझे साथ रखा तथा मेरे साथ दुष्कर्म किया। गत दिनों शादी करने की बात कहने पर आरोपी ने टालम टोल करना शुरू कर दियां इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। जिसकी जांच खेरोदा थानाधिकारी सुरेश विनोई को सौंपी है।

दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के मामले में आठ माह से फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीखक नेत्रपालसिंह के सुपरविजन में ओगणा थानाधिकारी रामावतार मय टीम ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के मामले में छह माह से फरार आरोपी भुपेन्द्र पुत्र देवीलाल निवासी उपरेटा को गिरफ्तार किया।

अवैध गांजा बरामद

उदयपुर, (कासं)। जिले के घासा थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान अवैध गांजा जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक मनीष कुमार के सुपरविजन में गश्त के दौरान घासा थानाधिकरी प्रवीण सिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में गठित दलने नारायणलाल पुत्र डालू निवासी तालाब का कुआ भानसोल घासा को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से 6 किलों 590 ठाम अवैध गांजा जब्त कर प्रकरण दर्ज किया।

अवैध स्मैक सहित दो आरोपी गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। शहर के हिरणमगरी थाना पुलिस ने गश्त के दौरन दो आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से अवैध स्मैक बरामद की। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगन पुरोहित के सुपरविजन में हिरणमगरी थानाधिकारी भरत योगी के नेतृत्व में गठित दल ने मादक पदार्थ कारोबारियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए प्रकाश पुत्र शिव नारायण निवासी शांति नगर कच्ची बस्ती लाल मगरी सविना हॉल शिव नगर पानेरियों की मादड़ी व सुरेश पुत्र नारायण निवासी शांतिनगर कच्ची बस्ती लाल मगरी को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से 16.60 ठाम अवैध स्मैक बरामद कर प्रकरण दर्ज किया।

अवैध शराब सहित एक पकड़ा

उदयपुर, (कासं)। गोगुन्दा थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान अवैध शराब जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीरसिंह के सुपरविजन में प्रशिक्षु आईपीएस माधव उपाध्याया के नेतृत्व में गठित दल ने कार्यवाही करते हुए दिनेश कुमार पुत्र इंसाराम निवासी बैकरिया को गोगुन्दा में स्थित दुकान से गिरफ्तार कर इसके कब्जे से 17 पेटी अवैध शराब की जब्त कर प्रकरण दर्ज किया।

जेवर व नकदी चोरी

उदयपुर, (कासं)। शहर के सविना थाना क्षेत्र में अज्ञात चोर मकान का ताला तोड़ कर जेवर व नकदी चुरा ले गए। पुलिस से प्रापत जानकारी के अनुसर अरविन्द कुमार जाटव पुत्र कन्हैयालाल निवासी शिव विहार ठाकुर दाता चौराहा के पास तितरड़ी सविना ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बतायाकि 27 फरवरी को मैं परिवार सहित अपने पेतृक गांव खेडली रेल अलवर गया था। वासपस लौटा तो मकान का ताला टूटा हुआ था एवं कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। तलाशी ली तो सोने का मंगलसूत्र व अन्य जेवर तथा चांदी के जेवर के अलावा 1 लाख 70 हजार रूपये नकदी गायब थी। इस पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

सूने मकान का ताला तोड़ जेवरात चुराए

उदयपुर, (कासं)। कुराबड़ थानाक्षैत्र में अज्ञात चोर सूने मकान से जेवर वनकदी चुरा ले गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 26 जनवरी को कुराबड़ थाना क्षैत्र सगतडी फला नया मालाव निवासी कैलाशीबाई पत्नी उदयलाल ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि रात में मकान के बाहर सोए थे इस दौरान अज्ञात चोर कमरें का ताला तोड़ कर चांदी के जेवर व 10 हजार रूपये नकदी चुरा ले गए।चोरी गए जेवरात की सूची बाद में देने की रिपोर्ट दी। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

ड्रोन सखी की तर्ज पर महिलाओं को बनाएंगे सोलर सखी

राजसमंद, (निसं)। सांसद महिमा कुमारी मेवाड ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में संसदीय क्षेत्र को अग्रणी लाने और अधिकाधिक लोगों को इस योजना में लाभान्वित करने के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं।

सांसद ने गुरुवार को सांसद कार्यालय में जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा, स्वनिधि फाउंडेशन के प्रतिनिधियों के साथ योजना के क्रियान्वयन को लेकर चर्चा की और इसके बाद एवीवीएनएल एवं भाजपा मण्डल अध्यक्षों के साथ इस योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार, चुनौतियों के समाधान और उपायों पर चर्चा की। इस दौरान स्वनिधि फाउंडेशन के

■ **प्रधानमंत्री सूर्यघर निःशुल्क बिजली योजना में अधिकाधिक लोगों को जोड़ने में जुटी सांसद मेवाड**

पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने योजना में लोगों को जोडने के लिए कई सुझाव दिए। सांसद ने कहा कि क्यों न ड्रोन सखी की तर्ज पर जिले में सोलर सखी तैयार हो। ये सोलर सखी महिलाएं प्रशिक्षित हो और घर-घर जाकर लोगों को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में लाभान्वित करें जिससे न सिर्फ इन महिलाओं का सशक्तिकरण हो बल्कि आमजन को भी योजना का समुचित लाभ मिल सकें। जिला कलक्टर ने कहा कि विभागों के मध्य समन्वय सुनिश्चित कर योजना का बेहतर क्रियान्वयन करेंगे। इसी तरह बैठक में जिले में एक स्किल सेंटर विकसित करने पर चर्चा हुई जहां अलग-अलग तरह की स्किल सीखते हुए युवा स्वरोजगार पा सकें।

सांसद मेवाड ने बताया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य देश में हर घर को स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों से जोडना है। इस योजना के तहत सरकार ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के गरीब और निम्न आय वर्ग के परिवारों को सोलर पैनल उपलब्ध कराती है, जिससे वे अपने घरों की बिजली की आवश्यकताओं को पूरा कर सकते हैं। इस योजना के तहत घर पर सोलर पैनल लगाने पर 78 हजार रुपये तक की सब्सिडी का प्रावधान है।

राजसमंद में सूर्य घर योजना को लेकर आयोजित बैठक में चर्चा करते सांसद महिमा कुमारी मेवाड एवं जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा।

'हर जीएसएस व फीडर करें चेक, लोड प्रबंधन की हो माइक्रो प्लानिंग'

उदयपुर, (कासं)। विद्युत वितरण कंपनियों की चेयरमैन आरती डोगरा ने गर्मियों में निर्बाध बिजली आपूर्ति के मद्देनजर अभियन्ताओं को लोड प्रबंधन की माइक्रो प्लानिंग करने के निर्देश दिए।

डोगरा बुधवार को अजमेर डिस्कॉम के उदयपुर स्थित संभागीय मुख्य अभियंता कार्यालय सभागार में जोन के विद्युत अभियन्ताओं की बैठक को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने आगामी ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर सभी

■ **उदयपुर जोन के अभियंताओं की बैठक आयोजित**

वृत्तों के अधीक्षण अभियंताओं एवं अधिशाषी अभियंताओं को जीएसएस तथा फीडर का निरीक्षण करने और उनमें आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि गर्मी में बिजली की मांग भी तेजी से बढेगी। ऐसे में लोड की माइक्रो प्लानिंग करें, ताकि आमजन को बिना किसी व्यवधान के बिजली मिले।

डिस्कॉम्स चेयरमैन ने कहा कि पिछले दो-तीन माह में अधिक ट्रिपिंग वाले फीडर को चिन्हित करें। सहायक अभियंताओं को भी नियमित निरीक्षण के लिए पाबंद किया जाए और उनकी जिम्मेदारी भी तय की जाए। डोगरा ने बैठक में शत-प्रतिशत बिलिंग, बकाया राजस्व वसूली, डिफेक्टिव मीटर बदलने तथा उपभोक्ता सेवाओं से संबंधित विषयों पर सर्किलवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि निरीक्षण से आवश्यकता अनुसार क्षमता के ट्रांसफार्मर लगाने, केबल, रोस्टर स्विच, आइसोलेटर, वीसी ब्रेकर जैसे लाइन मैटेरियल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकेगी। उन्होंने कुसुम योजना की प्रगति की भी समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डोगरा ने पुनगर्ठित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के तहत निर्माणाधीन जीएसएस तथा फीडर पृथक्करण कार्यों में गति बढ़ाने के निर्देश दिए। डोगरा ने सभी अधिकारियों को शत-प्रतिशत मीटर रीडिंग के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी एआरओ प्रतिदिन न्यूनतम 10 मीटर फोटो रीडिंग को सत्यापित करना है। डिस्कॉम चेयरमैन ने उदयपुर संभाग के सभी जिलों में रिकवरी पर भी चर्चा की। उन्होंने बकाया राशि की वसूली पर फोकस करने को कहा। बैठक में अजमेर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक केपी वर्मा, तकनीकी निदेशक मुकेश बाल्दी, मुख्य अभियंता उदयपुर जोन आई आर मीणा, आरडीएसएस के मुख्य अभियंता अशोक कुमार सहित उदयपुर, चित्तौडगढ़, राजसमंद, बांसवाडा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़ व सलूम्बर सर्किल के अभियन्ता उपस्थित रहे।

संभागीय मुख्य अभियंता कार्यालय में अधिकारियों की बैठक लेती डिस्कॉम चेयरमैन आरती डोगरा।

शानू को राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार

डूंगरपुर, (निसं)। राजस्थान सरकार के कारखाना एवं बॉयलर्स निरीक्षण विभाग द्वारा 54 वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के अवसर पर बी.एस.मेहता ऑडिटोरियम, ओटीएस, जयपुर में राजस्थान कारखाना सुरक्षा पुरस्कार योजना-2025 के तहत राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में रिलायंस बी.पी. बिछीवाड़ा पेट्रोल पंप के संचालक शानू अठावाल को सुरक्षा,स्वास्थ्य और कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

भव्य समारोह में राजस्थान सरकार के मंत्री के.के.बिश्नोई मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता डी.एल.दामोर मुख्य निरीक्षक कारखाना एवं बॉयलर्स ने की। वही, पी.रमेश आईएएस, शासन सचिव,श्रम विभाग और पूजा पार्थ श्रमायुक्त,राजस्थान सरकार सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने इसमें भाग लिया। पुरस्कार प्राप्त करने पर शानू अठावाल ने कहां,यह सम्मान हमारे संकल्प को और मज़बूती देगा कि हम कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों को और अधिक सख्ती से लागू करें। राजस्थान सरकार द्वारा दिए गए इस मान्यता पत्र के लिए में सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान राजस्थान के विभिन्न उद्योगों और प्रतिष्ठानों को भी उनकी सुरक्षा व्यवस्थाओं के लिए सम्मानित किया।

कांफ्रेस में 300 स्तन कैंसर विशेषज्ञ भाग लेंगे

उदयपुर, (कासं)। गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, उदयपुर में ब्रैस्ट कैंसर एसोसिएशन ऑफ इंडिया और एसोसिएशन ऑफ मेडिकल अपडेट्स की संयुक्त कॉन्फ्रेंस 7 और 8 मार्च को आयोजित की जा रही है।

आयोजन में मुंबई, दिल्ली, चेन्नई, बेंगलुरु, कोलकाता, अहमदाबाद सहित देशभर से लगभग 300 स्तन कैंसर विशेषज्ञ भाग लेंगे। इसके अलावा, विभिन्न मेडिकल कॉलेजों के विद्यार्थी अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे, जिससे स्तन कैंसर के क्षेत्र में हो रहे नए शोध और नवीनतम तकनीकों की जानकारी प्राप्त होगी।कॉन्फ्रेंस में कैंसर सर्जरी की आधुनिक तकनीकों और ऑकोप्लास्टिक प्रोसीजर्स से जुडी महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा की जाएंगी। साथ ही, ऑपरेटिव तकनीकों पर चर्चा होगी।

पिछोला-सीसारमा रिंग रोड पर खोला रास्ता, यूडीए बनाएगा 40 फीट रोड

उदयपुर, (कासं)। मल्लातलाई क्षेत्र में पिछोला रिंग रोड को हरिदासजी की मगरी रोड से जोड़ने का काम बुधवार से शुरू हो गया है। जमीन खातेदार के साथ यूडीए की सहमति बनने पर यह अहम काम शुरू हो पाया है।

यूडीए आयुक्त राहुल जैन ने बताया कि हरिदासजी की मगरी क्षेत्र में होटल ट्राईडेंट के पास चंपा कॉलोनी में निजी खातेदार की करीब 150 मीटर जमीन (खसरा नंबर 93 से 96 100 101) आने से पिछोला रिंग रोड को हरिदासजी की मगरी रोड से जोड़ने का काम वर्षों से अटका हुआ था। यहां रोड बन जाने से सीसारमा-हरिदासजी की मगरी क्षेत्र का पिछोला रिंग रोड से सीधी कनेक्टिविटी हो जाएगी। इससे मल्लातलाई क्षेत्र से दूधतलाई की तरफ आना जाना भी सुगम और आसान हो जाएगा।

यूडीए, जिला प्रशासन व शहर

■ **खातेदार की सहमति मिलने पर यूडीए ने शुरू किया सड़क निर्माण कार्य**

विधायक ताराचंद जैन ने प्रयास कर खातेदार को जमीन देने के लिए तैयार किया। इस प्रयास के चलते खातेदार गफूर मोहम्मद, राजकुमारी एवं नूर मोहम्मद के वारिसान द्वारा जमीन देने की लिखित सहमति प्रदान की गई। इसके चलते बुधवार को यूडीए ने आपसी सहमति से इस जमीन को अपने कब्जे में लेकर 40 फीट चौड़ा रोड बनाने का काम शुरू कर दिया है।

शहर विधायक जैन ने बताया कि कि दूधतलाई से जलबुर्ज, रिंग रोड, सीसरमा और ट्राईडेंट के पास जैसे रास्ते खुल जाएंगे।उदयपुर शहर के गोवर्धन विलासए सेक्टर 11, 13 और 14 से आने वाले लोग सीधे किशनपोल होकर पाला गणेशजी,दूधतलाई से पिछोला रिंग रोड जलबुर्ज,सीतामाता नर्सरी, जंगल सफारी होकर सीधे चंपा कॉलोनी होकर हरिदास जी मगरी वाले रूट पर निकल जाएंगे।इसके अलावा इस रिंग रोड से सीधे सीसारमा गांव में भी निकल सकते है। इससे वे आगे सीधे नाई,नयाखेड़ा होकर आगे झाड़ोल वाला हाइवे कनेक्ट होगा।कविता से झाड़ोल हाइवे को कनेक्ट करने वाली रिंग रोड भी आगे इससे कनेक्ट हो जाएगी। ऐसा होने पर गोवर्धन विलास से मल्लातलाई और मल्लातलाई से गोवर्धन विलास आने-जाने वालों को चेतक सर्कल, देहलीगेट, सूरजपोल व उदयापोल चौराहा क्रॉस करने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी और वे सीधे निकल जाएंगे। इससे ट्रैफिक का शहर में दबाव भी कम होगा।

शांति समिति की बैठक आयोजित

उदयपुर,(कासं)।आगामी होली-धूलण्डी, रमजान, ईदुलफितर, रामनवमी, चेटीचण्ड, महावीर जयंती, परशुराम जयंती, अंबेडकर जयंती सहित अन्य धार्मिक एवं सामाजिक उत्सवों व त्यौहारों के दौरान शहर में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर जिला शांति समिति की बैठक बुधवार को जिला कलक्टर नमित मेहता व जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के सान्निध्य में जिला परिषद सभागार में हुई।

बैठक में जिला कलेक्टर मेहता ने कहा कि त्यौहार, पर्व और उत्सव खुशी के अवसर होते हैं तथा आपसी भाईचारा और सौहार्द को मजबूत करने के पर्याय हैं। कतिपय असामाजिक तत्वों की हरकतों से यह तनाव का कारण बन जाते हैं। त्यौहारों पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक है कि सभी समाजों के मौतबिर स्वयं सावचेत रहते हुए युवा पीढ़ी को सकारात्मक रूप से प्रेरित करें, ताकि त्यौहारों की खुशी और उत्साह बना रहे। उन्होंने विभिन्न समुदायों एवं समाज के प्रतिनिधियों तथा शांति समिति के सदस्यों से चर्चा करते हुए कहा कि त्योहारों का मूल उद्देश्य शांति और हर्षोल्लास है, एक दूसरे के सहयोग से खुशी पूर्वक त्योहार मनाएं। इस बात का सभी विशेष ध्यान रखें कि हमारे कारण अन्य किसी को असुविधा न हो। जिला कलक्टर मेहता ने कहा कि समाज के बड़े बुजुर्गों की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को अनावश्यक अशांति फैलाने वाली गतिविधियों में शामिल होने से रोके तथा समझाइश करें। उन्होंने कहा कि पुलिस-प्रशासन द्वारा समुदाय एवं समाज के प्रतिनिधियों से लगातार संवाद बनाए रखने का प्रयास रहेगा। बैठक में जिला कलेक्टर ने सभी प्रतिनिधियों से सुझाव लेते हुए सुझावों के आधार पर त्योहारों के दौरान आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पूर्व के शांतिपूर्ण रूप से सफल रहे धार्मिक आयोजनों हेतु विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन का आभार भी जताया।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने कहा कि पुलिस अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि त्योहारों के दौरान किसी पक्ष को कोई असुविधा न हो। आपसी समन्वय से ही त्योहारों का शांतिपूर्ण आयोजन संभव होता है। उन्होंने कहा कि अशांति फैलाने वालों पर पैनी नजर रखी जा रही है। सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे सक्रिय हैं एवं लगातार निगरानी की जा रही है। आवश्यकतानुसार शेष रहे स्थानों पर भी कैमरे लगाए जा रहे हैं। उन्होंने समिति सदस्यों सहित मौतबिरों से अपने क्षेत्र में होने वाली हर अप्रत्याशित गतिविधि की सूचना अविलम्ब प्रशासन व पुलिस को देने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने बाहरी एवं अनजान लोगों को काम पर रखने अथवा अपना भवन किराए पर देने से पूर्व उनका पुलिस सत्यापन आवश्यक रूप से कराने की भी अपील की। एसपी गोयल ने कहा कि सभी संयम के साथ त्योहार मनाएं, सोशल मीडिया पर अनावश्यक पोस्ट, टिप्पणी, अफवाहें, फेक न्यूज, भड़काऊ वीडियो आदि शेयर ना करें। पुलिस की विशेष सेल सोशल मीडिया हैंडल्स पर लगातार नजर रख रही है। अफवाहें फैलाने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। बैठक में एडीएम शहर वार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा सहित जिले के पुलिस-प्रशासन के आला अधिकारी, विभिन्न समुदायों समाज के प्रतिनिधि एवं शांति समिति के सदस्य मौजूद रहे।

सार-समाचार

पति व सास-ससुर गिरफ्तार

कपासन, (निसं)। कपासन में दहेज प्रताड़ना के एक मामले में पुलिस ने मृतक महिला के पति और सास-ससुर को गिरफ्तार किया है। नाइयों का मोहल्ला निवासी 25 वर्षीय अन्नू का शव 14 फरवरी की रात को उसके कमरे में फंदे से लटका मिला था।डीएसपी हरजीलाल यादव के अनुसार, मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतका के भाई राजू ने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना और हत्या का आरोप लगाते हुए दहेज हत्या का मामला दर्ज करवाया था। जिसमें बताया गया था कि छह साल पहले हुई शादी के बाद से ही ससुराल वाले अन्नू को दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। सामाजिक स्तर पर कई बार समझाइश की गई। लेकिन प्रताड़ना नहीं रुकी। घटना वाले दिन ही अन्नू अपने ससुराल से मायके लौटी थी। जांच के बाद पुलिस ने मृतका के पति दुर्गेश, सास मंजू और ससुर राजमल राव को गिरफ्तार कर लिया है। कल मंगलवार को मृतका के परिजनों और समाज के लोगों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जिला मुख्यालय चित्तौड़गढ़ में प्रदर्शन किया था। इससे पहले भी कई बार ज्ञापन दिए गए थे।

योग चिकित्सा व ध्यान शिविर आयोजित

देवगढ़, (निसं)। योग नगरी पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से आयी हुई युवा ऊर्जा की प्रतीक ,वेदों में पारंगत ,विदुषी योगिनी बहिने पूज्या देव वाणी जी , पूज्या देव गरिमा जी के सानिध्य में योग चिकित्सा एवं ध्यान शिविर बुधवार को प्रात: 5:00 से 7:00 तक आशीर्वाद भवन देवगढ़ में प्रारंभ हुआ। जिसमें बीपी ,थायराइड, डायबिटीज व विभिन्न रोगों के निदान हेतु ताड़ासन , वृक्षासन ,सूर्य नमस्कार ,मकरासन , भस्त्रिका, कपालभाति ,अनुलोम विलोम, भ्रामरी,उज्ययी,ध्यान योग व प्राणायाम कराया गया! जिसमें महिला पतंजलि राज्य प्रभारी विजयलक्ष्मी ,तारा चौहान, पतंजलि योग समिति महिला प्रभारी आशा सोलंकी, संतोष टेलर, पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी रामलाल रेगर ,नीलू कंवर ,प्रेम सेन भीलवाड़ा से भंवरलाल, भीमाराम ,धर्मपाल सिंह, रतन सिंह ,हिमांशु ,हिमांशी व देवगढ़ से विभिन्न योग साधकों ने भाग लिया। उक्त शिविर 8 मार्च तक आयोजित होगा तथा विभिन्न बीमारियों के इलाज हेतु विभिन्न प्रकार के योग व प्राणायाम के तरीके बताए जाएंगे।

नवजात जिंदा मिला

उदयपुर, (कासं)। शहर के अम्बामाता थाना क्षैत्र में अज्ञात बदमाश नवजात को लावारिस हालत में छोड़ कर फरार हो गया। अम्बामाता थाना एसआई मुगलाराम मय टीम ने 3 मार्च को गश्त के दौरान होटल शोर्यगढ के समीप पहुंचे जहां सूनसान जगह पर नवजात बच्चे को लावारिस हालत में मिला। जिसे अपने कब्जे में लेकर एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। बच्चा नवजात प्रतीत होकर अज्ञात महिला या पुरूष जन्म छिपाने की नियत से लावारिस हालत में छोड़ भागा।

बोनस अंक दिलवाने की मांग

बांसवाड़ा, (निसं)। श्री भट्ट मेवाडा ब्रह्मण समाज पांच चोखला समिति व बेणेश्वर क्षेत्र समिति तथा विप्र फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में तेजस्विनी जोशी निवासी पालोदा को रीट परीक्षा में देरी से प्रवेश देने के संबंध में जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में तेजस्विनी के समय के नुकसान के एवज में बोनस अंक दिलवाने एवं दोषी व्यक्ति को सजा देने की मांग की गयी। ज्ञापन देने वालों में विफा जिलाध्यक्ष ललित जोशी, महामंत्री ईश्वरलाल, पांच चोखला अध्यक्ष जयप्रकाश पंड्या, बेणेश्वर क्षेत्र अध्यक्ष गिरजाशंकर पंड्या, राजेन्द्र उपाध्याय शामिल रहे।

आवेदन आमंत्रित

उदयपुर, (कासं)। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर द्वारा आयोजित होने वाली 'युवा प्रतिभा पुरस्कार प्रतियोगिता' में भाग लेने वाले इच्छुक युवाओं से आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने युवा प्रतिभा पुरस्कार प्रतियोगिता के बारे में बताया कि 18 से 30 वर्ष की मध्य की आयु वाले युवाओं की विभिन्न प्रतिभाएं यथा लोक गायन, लोक नृत्य, लोक वाद्य वादन तथा लोकनाट्य को एक राज्य स्तरीय मंच देने एवं उनकी कलाओं को प्रोत्साहित करने एवं राज्य/देश स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है। इसी कडी में इस वर्ष की प्रतियोगिता 21 मार्च को शिल्पग्राम उदयपुर में सुबह 10 बजे से आयोजित की जायेगी।

निरीक्षण किया

बांसवाड़ा, (निसं)। भाजपा जिलाध्यक्ष पूंजीलाल गायरी ने महात्मा गांधी चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वार्डो, निर्माण कार्य एवं प्रसूति कक्ष का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि चिकित्सा क्षेत्र ईश्वरीय कार्य जैसा है अत: गरीब को गणेश मानकर काम करे।

उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की कौताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गायरी ने मरीजों एवं उनके परिजनों से भी संवाद भी किया।

सूचनार्थ

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण राजस्थान (SEIAA) EC Identification No. EC24C0108RJ5219976N राज्य स्तरीय पर्यावरण के File No.:-RJ/24/SEAC-4(06)/MIN/R.EC/1224 दिनांक 27 फरवरी 2025 के द्वारा श्रीमती मीना कंवर पत्नि श्री लाल सिंह देवड़ा निकट ग्राम फिला, तहसील गिर्वा (कुराबड), जिला उदयपुर में स्थित खनन पट्टा संख्या 317/2011 वास्ते खनिज क्वार्टज व फेल्सपार क्षैत्रफल 4.2815 हैक्टर के लिए जिला स्तर की कमेटी के द्वारा जारी पर्यावरण स्वीकृति का पुनः मुल्यांकन राज्य स्तरीय पर्यावरण कमेटी (SEIAA) के द्वारा करवा लिया है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के कार्यालय एवं MoEFCC की वेबसाइट parivesh.nic.in पर उपलब्ध हैं।

श्रीमती मीना कंवर

सूचनार्थ

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण राजस्थान (SEIAA) EC Identification No. EC24C0108RJ5193160N राज्य स्तरीय पर्यावरण के File No.:-RJ/24/SEAC-4(06)/MIN/R.EC/1233 दिनांक 27 फरवरी 2025 के द्वारा श्री राय सिंह सिसोदिया पुत्र श्री गुलाब सिंह सिसोदिया निकट ग्राम फिला, तहसील गिर्वा (कुराबड), जिला उदयपुर में स्थित खनन पट्टा संख्या 318/2011 वास्ते खनिज क्वार्टज व फेल्सपार क्षैत्रफल 4.4320 हैक्टर के लिए जिला स्तर की कमेटी के द्वारा जारी पर्यावरण स्वीकृति का पुनः मुल्यांकन राज्य स्तरीय पर्यावरण कमेटी (SEIAA) के द्वारा करवा लिया है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के कार्यालय एवं MoEFCC की वेबसाइट parivesh.nic.in पर उपलब्ध हैं।

श्री राय सिंह सिसोदिया

सूचनार्थ

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण राजस्थान (SEIAA) EC Identification No. EC24C0108RJ5424376N राज्य स्तरीय पर्